प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- स्पेशल ब्रांच के दारोगा की रांची के कांके में अज्ञात अपराधियों ने की गोली मारकर हत्या, सरकार ने जांच के लिए एसआईटी गठित की, भाजपा ने राज्य की विधि व्यवस्था पर फिर उठाये सवाल।
2- राज्य में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, कई पुल–पुलिया ध्वस्त, सभी उपायुक्तों को किया गया अलर्ट, रांची में एनडीआरएफ तैनात।
3- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 32वें अंतरराष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन किया शुभारंभ, कहा–किसानों के जीवन में सुधार लाना सरकार की प्राथमिकता।
4- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आठ राष्ट्रीय हाई स्पीड सड़क गलियारा परियोजनाओं को दी मंजूरी, 4 हजार 4 सौ 73 करोड़ की राशि से बनेगा रायपुर–रांची सड़क गलियार।
5- पेरिस ओलंपिक में आज मनु भाकर तीसरे पदक के लिए साधेंगी निशाना, झारखंड की तीरंदाज दीपिका कुमारी भी उतरेंगी मैदान में।

****

राजधानी रांची में अज्ञात अपराधियों ने कल देर रात एक दारोगा की गोली मारकर हत्या कर दी। उनका शव कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड से बरामद किया गया है। वे स्पेशल ब्रांच में सब–इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। उनकी पहचान अनुपम कच्छप के रूप में हुई है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले के उदभेदन के लिए एसआइटी का गठन किया गया है।

मृतक सब इंस्पेक्टर के परिजनों से मुलाकात के बाद बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने राज्य की विधि व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि घटना की तत्परता के साथ जांच होनी चाहिए।

****

राज्य में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। राजधानी रांची समेत राज्य के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गये हैं। कई घरों में पानी भर गया है। रांची में एनडीआरएफ की टीम को तैनात कर दिया गया है। राज्य सरकार ने एहतियाती कदम उठाते हुए राज्य के सभी स्कूलों को आज बंद रखने का आदेश जारी किया है। मौसम विभाग ने आज भी पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत कई जिलों में भारी से भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है।

बारिश की वजह से कई पुल–पुलिया ध्वस्त हो गए हैं। कल देर रात रांची के रातू रोड में गरगा नदी पर बना डायवर्सन बह गया, तो आज सुबह–सुबह बोकारो जिले में बोकारो नदी पर बना पुल बह गया। इसमें एक ग्रामीण के भी पानी में बह जाने की सूचना है।

****

उधर, गिरिडीह जिले में भी एक अगस्त की रात से जारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। लगातार हो रही बारिश से बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई स्थानों पर पेड़ की डालियां के टूटकर बिजली तार पर गिर जाने से डुमरी में 24 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप हैं। बिजली के अभाव में जलापूर्ति भी प्रभावित हुई है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है और इनका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना है। आज नई दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कृषि, सरकार की आर्थिक नीति का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि भारत मोटे अनाज, दूध, दाल और मसालों का सबसे बडा उत्पादक देश है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि 2024–25 के केन्द्रीय बजट में सतत कृषि पर ध्यान दिया गया है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में जलवायु अनुकूल फसलों की एक हजार नौ सौ नई किस्में उपलब्ध कराई हैं।

****

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नौ सौ छत्तीस किलोमीटर लंबी आठ राष्ट्रीय हाई स्पीड सड़क गलियारा परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इनमें रायपुर–रांची राष्ट्रीय हाई स्पीड गलियारा भी शामिल हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने देश भर में लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार, भीड़भाड़ को कम करने और पहुंच बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं।

****

बोकारो जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कुछ डाकघरों द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने का मामला प्रकाश में आया है।

****

पेरिस ओलंपिक के 8वें दिन आज भारतीय खिलाडी निशानेबाजी, तीरंदाजी, मुक्केबाजी, नौकायन और गोल्फ के मैदान में उतरेंगे। निशानेबाजी में मनु भाकर अपने तीसरे पदक के लिए 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में निशाना साधेंगी। मनु पेरिस ओलिंपिक मे पहले ही दो कांस्य पदक जीत कर इतिहास रच चुकी हैं। तीरंदाज़ी में दोपहर दो बजे के करीब व्यक्तिगत स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में दीपिका कुमारी का मुकाबला जर्मनी की मिशेल क्रोपेन से और भजन कौर का सामना इंडोनेशिया की डायनंदा चोइरुनिसा से होगा। यह प्रतिस्पर्धा दोपहर एक बजकर 50 मिनट पर होगी।

**********समाप्त ************